भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1308
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नामकरण

1308. श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 'मंदिर' शब्द के नामकरण के पीछे की शब्दावली और चिकित्सा संस्थान के अन्य चिकित्सा संबंधी संलग्न शब्दों में मंदिर शब्द का उपयोग किये जाने का ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या सरकार द्वारा अनूदित संस्करण में स्थानीय भाषाओं में मंदिर शब्द का अनुवाद करने की अनुमति है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में प्रगति के लिए आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) के भारत के प्रमुख कार्यक्रम के रूप में महत्व समझते हुए, भारत सरकार ने आयुष्मान भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी एबी-एचडब्ल्यूसी का नाम बदलकर 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' कर दिया है जिसकी टैगलाइन 'आरोग्यम् परमम् धनम्' है।

*****